04/03/2018

PRESS NOTE

गत दिनाक 03/03/2018 को शिकायतकर्ता नाम श्री श्रवण बाबूचन्द साव , R/o.सुभाषभाई की चाल , रूम नं 03 , सिधार्थबार के सामने कलरीया नानी दमन , वालेने नानी दमन पोलिस स्टेशन मे अपनी शिकायत दर्ज करवाई के उनकी 13 सालकी नाबालीक लड़की जो सरकारी स्कूल मे पढ़ती है वह सुबह स्कूल मे 07.30 बजे गईथी और स्कूल के 11.30 बजे छूटी हो गई थी लेकीन छूटी होने के बाद भी मेरी नाबालीक लड़की घर पे नही पहुंची जिसकी आसपास उवम स्कूल मे छानबीन की गई लेकीन मेरी लड़की नही मीली। इस तरह की शिकायत के आधार पर नानी दमन पोलिस स्टेशन मे दिनांक 03/03/2018 को आई.पी.सी. की धारा 363 के तहत मामला दर्ज किया गया और अपराध की आगे की तफ़तीस दमन पोलिस द्वारा चालू की गई।

अपराध की गंभीरता को ध्यान मे लेते हुए महोदय DIGP दमन-दीव और दादरा नगर हवेली श्री ब्रजेशकुमार सिंग, महोदय SP श्री सेजू पी.कुरुविल्ला, एवं SDPO श्री रवीद्रकुमार शर्मा के मार्गदर्शन मे नानी दमन पोलिस स्टेशन एस.एच.ओ. श्री पंकेश टंडेल के नेतृत्वमे PSI सुरेश शाह, PSI लीलाधार मक्काणा , PSI भरत परमार , PSI जय पटेल , LPSI सेजल पटेल , हेड कॉन्स्टेबल, कृष्नविजय गोहील , प्रमेश सोलंकी , पोलिस कॉन्स्टेबल सुमित भक्ति , जिग्नेश पटेल , राकेश पटेल, केवल पटेल , स्नेहल सोलंकी , हरेश सोलंकी , रमेश मक्काणा , कार्तीक पटेल , अमीत पटेल वालोकी टीम बनाकर वापी रेलवे स्टेशन , बस स्टेण्ड , एवम नानी दमन एवं वापी के विभीन एरीयामे केश की तफ़तीस प्रारम्भ की।

प्रारंभिक तफ़तीस मे गुमशुदा लड़की के नजदीकी रिस्तेदार एवं पड़ोसी से पूछताछ की गई। बाद मे पोलिस टीम द्वारा आसापास के CCTV केमेरा, इंटेलिजेंस, एवं खुफ़ीया माहीती की सहायता से शक के आधार पर ४-५ व्यक्ति को शक के आधार पर पूछताछ की गई जिसमे CCTV फूटेज के आधार पे पता चलाकी जिसमे पाया गया की लड़की 03/03/2018 स्कूल मे गई थी लेकीन स्कूल छूटने के बाद अपने घर वापस नही गई । जिसके बाद लड़कीकी घर तक जाने वाले सभी रास्ते एवम रास्तेमे आने वाली सभी चाल एवम बिल्डींगकी तफतीश कर सभी बिल्डींग के CCTV फूटेज चेक किए गए जिसमे पाया गया की लड़की अपनी सहेली के साथ जाती हुई दिखाई गई जिसके आधार पर उसकी सहेलीकी पूछताछ की गई जीसमे इनकी सहेलीने बताया की गुमशुदा लड़की उनके घर पे है और उनके घर से सही सलामत गुमशुदा लड़कीको को बरामद किया गया।

इस तरह दमन पोलिसने गुमशुदा लड़कीको 24 घंटे के अंदर सुलजाकर के स मे सफलता प्राप्त की। और आगे की तफतीश जांच दमन पोलीस कर रहे है।

लापता बालिका को पुलिस ने खोजकर किया परिजनों के सुपुर्द

दमण, दमण में सरकारी स्कूल की एक 13 वर्षीय छात्रा को पुलिस टीम ने उसकी सहेली के घर से बरामद कर सही सलामत परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस टीम ने यह सफलता सीसी कैमरों की फूटेज के आधार पर पाई है। जानकारी के अनुसार शनिवार को कलरिया में गुलाब भाई की चाल मे रहने वाले श्रवण बाबू यादव की 13 वर्षीय पुत्री स्कूल में गई थी। मगर वहां से शाम तक नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरु की गई। लेकिन कहीं नहीं मिलने पर पुलिस मे उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन मे पुलिस टीम का गठन कर वापी और दमण के सार्वजनिक स्थलों पर भी बालिका की खोजबीन की गई। मगर नहीं मिली तो स्कूल से घर तक के मार्ग पर लगे सीसी कैमरों की फूटेज को खंगाला गया। इस दौरान पुलिस ने देखा तो बालिका स्कूल गई थी मगर स्कूल से घर की ओर नहीं लौटी थी। स्कूल के पास लगे कैमरे मे पता चला कि बालिका अपनी सहेली के साथ निकली थी। पुलिस ने उस सहेली का पता लगाकर उससे पूछा तो उसने बताया कि बालिका उसके घर पर ही है। जिसके बाद पुलिस ने बालिका को सही सलामत उसके घर वालों के हवाले कर दिया। इस दौरान पुलिस टीम के अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम पूरी तरह सक्रिय रही।

दमण पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग को 24 घंटे के अंदर किया बरामद

दमण, सं. संघ प्रदेश दमण पुलिस ने एक गुमशुदा नाबालिग को 24 घंटे के अंदर बरामद करने में सफलता प्राप्त की है. पुलिस से जानकारी के अनुसार 3 मार्च-2018 को श्रवण बाबूचन्द साव, निवासी-सुभाषभाई की चॉल, रूम नंबर 3, सिद्धार्थबार के सामने कलरीया नानी दमण ने नानी दमण पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायी थी कि उनकी करीब 13 वर्षीया नाबालिग लड़की जो सरकारी स्कूल में पढ़ती है वह सुबह करीब साढ़े सात बजे स्कूल में गयी थी और स्कूल की साढ़े 11 बजे छुट्टी हो गयी थी लेकिन छुट्टी के बाद भी वह घर पर नहीं पहुंची. जिसकी खोजबीन आसपास एवं स्कूल में की गयी लेकिन नाबालिग का कोई पता नहीं चला. इस तरह की शिकायत के आधार पर नानी दमण पुलिस स्टेशन में शनिवार को आई.पी.सी. की धारा 363 के तहत मामला दर्ज किया गया और अपराध की आगे की तफ्तीश दमण पुलिस द्वारा शुरू की गयी. अपराध की गंभीरता को ध्यान में लेते हुए दमण-दीव, दादरा नगर हवेली के डीआईजीपी बृजेश कुमार सिंह, एसपी सेजू पी. कुरुविला तथा एसडीपीओ रविन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में नानी दमण पुलिस स्टेशन एस.एच.ओ. पंकेश टंडेल के नेतृत्व में पीएसआई सुरेश शाह, लीलाधर मकवाणा, भरत परमार, जय पटेल, सेजल पटेल के साथ ही हेड कांस्टेबल कृष्णविजय गोहिल, प्रमेश सोलंकी, पुलिस कांस्टेबल सुमित भक्ति, जिग्नेश पटेल, राकेश पटेल, केवल पटेल, स्नेहल सोलंकी, हरेश सोलंकी, रमेश मकवाणा, कार्तिक पटेल, अमित पटेल सहित की टीम बनाकर वापी रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं नानी दमण तथा वापी के विभिन्न एरिया में केश की तफ्तीश प्रारंभ की गयी. प्रारंभिक तफ्तीश में गुमशुदा लड़की के नजदीकी रिश्तेदार एवं पड़ोसी से पूछताछ की गयी. बाद में पुलिस टीम द्वारा आसपास के सीसीटीवी कैमरा, इंटेलिजेंस एवं खुफिया जानकारी की सहायता से शक के आधार पर 4-5 व्यक्तियों से पूछताछ की गयी. जिसमें सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पता चला कि, जिसमें पाया गया कि लड़की 3 मार्च को स्कूल में गयी थी लेकिन स्कूल छुटने के बाद अपने घर वापस नहीं गयी. जिसके बाद लड़की की घर तक जाने वाले सभी रास्तों एवं रास्ते में आने वाले सभी चॉल तथा बिल्डिंग की तफ्तीश कर सभी बिल्डिंग की सीसीटीवी फूटेज चेक किये गये. जिसमें पाया गया कि लड़की अपनी सहेली के साथ जाती हुई दिखायी गयी, जिसके आधार पर उसकी सहेली से पूछताछ की गयी, जिसमें सहेली ने बताया कि गुमशुदा लड़की उनके घर पर है और उसके घर से ही सही-सलामत गुमशुदा लड़की को पुलिस ने बरामद किया. इस तरह से दमण पुलिस ने गुमशुदा लड़की को 24 घंटे के अंदर ढूंढ़कर केस को सुलझाने में सफलता प्राप्त की है. फिलहाल मामले में आगे की जांच दमण पुलिस कर रही है.